झारखंड में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन योजना की शुरूआत

चर्चा में क्यों?

5 अक्तूबर, 2023 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी गई है।

प्रमुख बिंदु

- झारखंड की पंचायतों के लिये मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन योजना में उत्कृष्ट स्वच्छ व स्वस्थ पंचायत और ग्राम सभा को पुरस्कृत किया जाएगा।
- पुरस्कार राशि में पंचायतों को 4 लाख से 20 लाख रुपए तक मिलेंगे। वहीं, बैठक में अन्य 32 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिसमें पेयजल की समस्या के निदान के लिये राज्य की 4351 ग्राम पंचायतों में 10-10 चापाकल लगाए जाएंगे।
- मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में तीन कैटेगरी में पुरस्कार मिलेंगे।
- उत्कृष्ट पंचायत पुरस्कार तथा स्वच्छ व स्वस्थ पंचायत ग्राम योजना में सभी ज़िलों से एक-एक पंचायत का चयन होगा, जिनको 10-10 लाख रुपए मिलेंगे।
- वहीं, पाँच प्रमंडलों में एक-एक प्रखंड पंचायत को 15-15 लाख मिलेंगे, जबकि दो ज़िला परिषद का भी चयन होगा, जिन्हें 20-20 लाख मिलेंगे।
- इसके अलावा ग्राम सभा प्रोत्साहन योजना में 48 ग्राम सभा का चयन किया जाएगा, जिन्हें 4-4 लाख दिये जाएंगे।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-panchayat-promotion-scheme-launched-in-jharkhand